# कार्यालय उप जिलाधिकारी, कोश्याँ कुटौली (नैनीताल)।

पत्रांक: 79 /पी.ए./2018 दिनाँक: 03 जनवरी, 2019

आवक सं० 115
पंजिका सं० 18mg
दिनांक 09-01-19

अधिशासी अभियंता,
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०,
नैनीताल।

**विषय :-** **वन भूमि हस्तान्तरण के पश्चात क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध करवाने के संबंध में।**

उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय, नैनीताल के पत्र संख्या 1039/12-ज्येड.ए.सी./2018 दिनांक 07.08.2018 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत थापली से रहेली तक मोटर मार्ग के निर्माण में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु 4.374है. भूमि की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त श्री चन्दन सिंह, वन पंचायत सरपंच, ग्राम रहेली ने अपने प्रार्थना पत्र के द्वारा अवगत कराया है कि थापली से रहेली मोटर मार्ग के निर्माण में जो वन भूमि पड़ती है, उसके अनुसार क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु वन पंचायत रहेली के पास साढ़े पाँच हजार नाली भूमि उपलब्ध है। जिलाधिकारी महोदय नैनीताल के निर्देशानुसार जांच करवायी गयी। तहसीलदार बेतालघाट द्वारा उपरोक्त थापली से रहेली मोटर मार्ग के निर्माण हेतु क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु ग्राम रहेली, पट्टी मल्लाकोश्या, तहसील बेतालघाट के नॉन.ज्येड.ए. की खतौनी खाता संख्या 04 श्रेणी 9(3)(ड.) के खसरा संख्या 984 रकवा 20.264है. मध्ये 4.374है. भूमि चिन्हित की गई है

अतः उपरोक्तानुसार इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त चयनित भूमि के संयुक्त निरीक्षण हेतु अपने स्तर से वन विभाग, राजस्व विभाग से सम्पर्क कर तिथि नियत करते हुए संयुक्त निरीक्षण कर आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेत भूमि हस्तांतरण का प्रस्ताव जिलाधिकारी महोदय, नैनीताल को प्रेषित किया जा सके।

(प्रमोद कुमार)
उप जिलाधिकारी,
कोश्याँ कुटौली (नैनीताल)।

प्रतिलिपि–1. जिलाधिकारी महोदय, नैनीताल की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2. तहसीलदार बेतालघाट को इस आशय के साथ प्रेषित कि प्रकरण में संयुक्त निरीक्षण की तिथि निर्धारित होने पर क्षेत्रीय राजस्व उपनिरीक्षक को उसमें प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

उप जिलाधिकारी,
कोश्याँ कुटौली (नैनीताल)।

संलग्न प्रपत्र
क्रम
1. फर्द खसरा · प्रपत्र -1
2. NZA खतौनी - प्रपत्र -1
3. राजस्व नक्शा ट्रेसिंग सीट -1

वन भूमि सहायक /कनिष्ठ
09/01/19

अ० अ०
महोदय,
इस पत्र के क्रम में स्थलीय संयुक्त निरीक्षण किये जाने हेतु तिथि निर्धारित करने के लिए DFO Almora को इस कार्यालय के पत्रांक 15/18mg दि 05/1/2019 का पत्र दिनांक 7/1/2019 को speed post RNo. RV647801561IN द्वारा प्रेषित की जा चुकी है अतः इस पत्र को मूल मे RKmg सहायक को पत्रावली हेतु प्रेषित करने की कृपा करें।
9/1/2019
Ameer

पत्रा
09/01/19
अ० अ०
9/1/019